# दिनांक 22.10.2022 को जिलाधिकारी /अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 22.10.2022 को जिलाधिकारी खीरी की अध्यक्षता में **"जल जीवन मिशन" (फेज-2 एवं फेज-3)** के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट सभागार खीरी में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहे।

1- जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी।
2- मुख्य विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी।
3- जिला विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी।
4- प्रभागीय वनाधिकारी लखीमपुर खीरी।
5- जिला थारू जनजाति के विकास कार्यो के परियोजना अधिकारी ।
6- जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी।
7- अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, प्रथम लखीमपुर खीरी ।
8- अधिशासी अभियन्ता ग्राउन्ड वाटर, नलकूप खण्ड, प्रथम लखीमपुर खीरी।
9- जिला सूचना अधिकारी एवं जनसम्पर्क अधिकारी लखीमपुर खीरी।
10- जिला पंचायत राज अधिकारी, लखीमपुर खीरी।
11- सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई।
12- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, जल निगम लखीमपुर खीरी।

बैठक में सर्वप्रथम जल जीवन मिशन से सम्बन्धित कराये जाने वाले कार्यों एवं इस योजना से सम्बन्धित जारी दिशा निर्देशों की जानकारी उपस्थित सभी अधिकारियों को दी गयी। जिसमें अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि मैसर्स एन0सी0सी0 लि0, एन0सी0सी0 हाऊस, 5 वॉ तल, सर्वे नं0 64, मधापुर हैदराबाद द्वारा विरचित **"जलजीवन मिशन" (फेज-2)** के अन्तर्गत 4 नग डी0पी0आर0 एवं "जलजीवन मिशन" **(फेज-3)** के अन्तर्गत 24 नग डी0पी0आर0 कुल 28 नग डी0पी0आर0 एवं जल जीवन मिशन **(फेज-3)** के अन्तर्गत मैसर्स विन्ध्या टेलेलिंक्स लि0 गाजा इन्जीनियरिंग प्रा0लि0 जे.वी. , क्लव-125 , छठा तल, टावर-ए, प्लाट न0-3,4 एवं 5 , सेक्टर-125, नोयडा (उ0प्र0) द्वारा 21 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 **कुल 49** नग डी0पी0आर0 खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम लखीमपुर खीरी में प्रस्तुत किये गये थे, जिसमें जांचोपरान्त समस्त 49 नग डी0पी0आर0 सही पाये गये, जिनकी तकनीकी स्वीकृति हेतु मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम लखनऊ को प्रेषित किये गये थे, उक्त 49 नग डी0पी0आर0 की तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम लखनऊ द्वारा प्रदान कर दी गयी है।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव द्वारा 49 नग पाइप पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये गये, प्रस्तुत 49 नग डी0पी0आर0 में से 33 नग डी0पी0आर0 में रोड कटिंग एवं पुनर्स्थापना की लागत निर्धारित मानक 25 प्रतिशत से अधिक है जिसके सम्बन्ध में सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त डी0पी0आर0 में रोडकटिंग की जांच जल निगम के सहायक अभियन्ता, जूनियर इंजीनियर एवं मैसर्स एन0सी0सी0 लि0 एवं मैसर्स विन्ध्या टेलेलिंक्स लि0 फर्म के अभियन्ताओं द्वारा कर ली गयी है जिसका प्रमाण पत्र सम्बन्धित डी0पी0आर0 में संलग्न है।

उपरोक्त समस्त 49 नग डी0पी0आर0 पर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा विस्तृत विचार विमर्श किया गया। प्रस्तुत की गयी उपरोक्त 49 नग परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र0सं0 | विकास खण्ड का नाम | परियोजना का नाम | परियोजना की कार्य कुल लागत (रू0 लाख में ) |
|---|---|---|---|
| **मैसर्स एन0सी0सी0 लि0 द्वारा विरचित डी0पी0आर0 जल जीवन मिशन फेज-2** | | | |
| 1 | रमियांबेहड़ | अभयापुर | 555.17 |
| 2 | निघासन | छेदुईपतिया | 674.95 |
| 3 | निघासन | गंगाबेहड़ | 590.31 |
| 4 | निघासन | नौरंगाबाद | 531.65 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| मैसर्स एन0सी0सी0 लि0 द्वारा विरचित डी0पी0आर0 जल जीवन मिशन फेज–3 | | | |
| 1 | पसगवां | छेदियापुर | 256.92 |
| 2 | पसगवां | गुरूदेवखेड़ा | 333.34 |
| 3 | पसगवां | गलरई | 220.26 |
| 4 | पसगवां | बमैया | 233.06 |
| 5 | पसगवां | सिसोरासहमत | 307.08 |
| 6 | पसगवां | उकरमोहन | 192.05 |
| 7 | पसगवां | जमिरहा | 229.23 |
| 8 | पसगवां | मोहम्मदपुर ताजपुर | 245.96 |
| 9 | पसगवां | कथघरा | 175.93 |
| 10 | पसगवां | सैन्दा | 187.44 |
| 11 | बेहजम | चकपिहानी | 221.80 |
| 12 | बेहजम | बनिका | 300.68 |
| 13 | बेहजम | लौका | 228.24 |
| 14 | बेहजम | कैमाखुर्द | 267.59 |
| 15 | बेहजम | नगरा | 214.84 |
| 16 | बेहजम | कोटावा | 231.42 |
| 17 | बेहजम | अछनियां | 321.58 |
| 18 | बेहजम | सिसावांकला | 220.55 |
| 19 | बेहजम | मिरजापुर | 252.60 |
| 20 | बेहजम | शंकरपुर | 359.80 |
| 21 | बेहजम | कोरैयामुफरत | 247.29 |
| 22 | बेहजम | हसनापुर | 382.82 |
| 23 | मितौली | रामपुर रामदास | 214.00 |
| 24 | मितौली | सलाहपुरग्रन्ट | 196.48 |
| मैसर्स विन्ध्या टेलेलिंक्स लि0 द्वारा बिरचित डी0पी0आर0 जल जीवन मिशन ( फेज–3) | | | |
| 1 | बिजुआ | कनप, एलनगंज | 343.94 |
| 2 | बिजुआ | सोनारीपुर, मलूकापुर कलॉ | 418.00 |
| 3 | बिजुआ | रायपुर | 335.86 |
| 4 | कुम्भी गोला | बगधौन | 282.77 |
| 5 | कुम्भी गोला | छतौनिया, ककलापुर | 428.99 |
| 6 | कुम्भी गोला | सरैया भीलम, मरहिया | 484.59 |
| 7 | बांकेगंज | कोरैया लोहरामा, बुधेली नानकार, जमुनहां | 446.17 |
| 8 | बांकेगंज | तेन्दुआ, शिवपुर सण्डा | 416.19 |
| 9 | धौरहरा | हरसिंहपुर | 187.98 |
| 10 | धौरहरा | गुलरिया, समदहा | 396.71 |
| 11 | ईशानगर | लाखुन फत्तेपुर | 361.60 |
| 12 | ईशानगर | भदेहिया | 227.91 |
| 13 | निघासन | मुरगहा | 270.10 |
| 14 | फूलबेहड़ | गंगाबेहड़ | 274.95 |
| 15 | लखीमपुर | भलिया बुजुर्ग | 218.42 |
| 16 | लखीमपुर | मन्योरा, रूकन्दीपुर | 322.03 |
| 17 | नकहा | शितलापुर, चफन्दी | 359.18 |
| 18 | पलिया | त्रिकोलिया | 368.02 |
| 19 | बांकेगंज | खंजुहा | 259.47 |
| 20 | ईशानगर | चन्द्रोसा खुर्द | 218.60 |
| 21 | निघासन | बैरमपुर | 202.77 |

उक्त 49 नग परियोजनाओं के डी0पी0आर0 निर्धारित मानक के अनुसार सही पाये गये जिनकी वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा प्रदान की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण)/सदस्य सचिव को निर्देश दिये गये कि जिन ग्रामपंचायतों मे पेयजल योजना कार्य चल रहा है उनमें पाइप लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कर उन्हें चलने योग्य बना दिया जाय, जिससे आम जनता को कोई असुविधा न हो साथ ही समस्त कार्य मानक के अनुसार कराये जाय।

अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि समिति में लिये गये निर्णय के क्रम में उक्त 49 नग परियोजनाओं का डी0पी0आर0 (निर्धारित प्रारूप–44 कालम पर) अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित किया जाय। तत्पश्चात सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

अधिशासी अभियन्ता
जल निगम
सदस्य सचिव

सहायक अभियन्ता
लघुसिंचाई

जिला पंचायत
राज अधिकारी,
लखीमपुर खीरी।

जिला थारू जनजाति के
विकास कार्यो के
परियोजना अधिकारी

अधिशासी अभियन्ता,
नलकूप खण्ड
लखीमपुर खीरी।

जिला सूचना
अधिकारी,
लखीमपुर
खीरी।

मुख्य
चिकित्साधिकारी
लखीमपुर खीरी।

अधिशासी
अभियन्ता, सिंचाई
खण्ड प्रथम
लखीमपुर खीरी।

प्रभागीय
वनाधिकारी
लखीमपुर खीरी।

जिला विकास
अधिकारी लखीमपुर
खीरी।

मुख्य विकास अधिकारी
लखीमपुर खीरी।
उपाध्यक्ष

जिलाधिकारी
लखीमपुर खीरी।
अध्यक्ष